Title: Need to address the anomaly in pay scale of the employeesworking in the Accounts Department of FA &amp CAO under Ministry of Railways.

श्री चन्द्र शेखर दूब (धनबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान आकषित करते हुए कहना चाहता हूं कि रेल मंत्रालय के एफए एंड सीएओ विभाग के अंतर्गत एकाउट्स विभाग तथा कैश एंड पे विभाग कायरत है। भारत सरकार के पांचवे वेतन कमीशन की रिपोट के बाद एकाउट्स विभाग के कर्मचारियों ने उसे अनचित बताते हुए वेतनमान पुनः निर्धारित करने की मांग की । उनकी मांगों पर विचार करते हुए रेल मंत्रालय ने एकाउट्स विभाग के कर्मचारियों के वेतनमान में सुधार भी कर दिया, परंतु एक ही विभाग में कायरत कैश एंड पे विभाग के कर्मचार्रियों को यह लाभ नहीं मिल सका । इन लोगों के द्वारा अनेक बार सरकार का ध्यान आकषिंत किया गया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिससे इन कमियों में भारी आक्रोश है ।

मैं आपके माध्यम सु मांग करता हूं कि एफए एंड सीएओ विभाग के अंतर्गत कायरत एकाउट्स विभाग के कर्मचारियों को भी उचिंत वेतनमान रेल मंत्रालय से दिलाया जाए ताकि एकाउट्स विभाग तथा कैश एंड पे विभार्ग को पांचवें पे कमीशन द्वारा निर्धारित वेतनमान में किसी प्रकार की विषमता न रहे ।